हिन्दुस्तान

Hindustan Media Ventures Limited

CIN: L21090BR1918PLC000013
Registered Office: Budh Marg, Patna - 800001, India
Tel: +91 612 222 3434
Corporate Office: 5th Floor, Lotus Tower, A- Block, Community Centre, New Friends Colony, New Delhi- 110025, India
Tel: +91 11 66561234
Website:- www.hmvl.in E-mail:-hmvlinvestor@livehindustan.com

Extract of Un-Audited Consolidated Financial Results for the quarter ended June 30, 2025

(INR in Lakhs except Earnings per share data)

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	June 30, 2025 Un-audited	March 31, 2025* Audited	June 30, 2024 Un-audited	March 31, 2025 Audited
Revenue from operations	18,299	20,125	16,218	73,289
Profit for the period (before exceptional items and tax)	1,177	4,550	54	8,057
Profit for the period before tax (after exceptional items)	1,177	4,550	54	8,057
Profit for the period after tax	1,024	4,540	52	7,778
Total comprehensive income for the period [comprising profit for the period after tax and other comprehensive loss (after tax)]	763	2,708	22	5,524
Paid-up equity share capital (Face value - INR 10/- per share)	7,367	7,367	7,367	7,367
Other equity excluding revaluation reserves as per the balance sheet				1,46,064
Securities Premium Account	24,239	24,239	24,239	24,239
Net Worth (as per the Companies Act 2013)	162,239	1,61,149	1,53,156	1,61,149
Outstanding Debt @	6,270	1,263	1,788	1,263
Debt Equity Ratio (in times)	0.04	0.01	0.01	0.01
Capital Redemption Reserve	1	1	1	1
Debt Service Coverage Ratio (in times)	0.21	3.51	0.12	5.28
Interest Service Coverage Ratio (in times)	9.01	32.82	1.31	13.15
Earnings per share (of INR 10/- each) Basic & Diluted	(not annualised) 1.39	(not annualised) 6.16	(not annualised) 0.07	10.56

*Refer Note 6 below

@Outstanding Debt comprises of current borrowings (including current maturities of long term borrowings) and non-current borrowings.

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly financial results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 and Regulation 52(4) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended. The full format of the quarterly financial results are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on the Company's website "www.hmvl.in."
2. For the other line items referred in regulation 52 (4) of the LODR Regulations, pertinent disclosures have been made to the Stock Exchanges (BSE and NSE) and can be accessed on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com).
3. The above un-audited consolidated financial results for the quarter ended on June 30, 2025 were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on August 4, 2025. The Statutory Auditors of the Company have conducted "Limited Review" of these results in terms of Regulation 33 and Regulation 52(4) of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, as amended from time to time and have issued an unmodified review conclusion.
4. The un-audited consolidated financial results have been prepared in accordance with the Indian Accounting Standards ('Ind AS') prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015, as amended from time to time.
5. Additional information on standalone financial results is as follows:- **(INR in Lakhs)**

Particulars	Quarter Ended			Year Ended
	June 30, 2025 Un-audited	March 31, 2025 Audited	June 30, 2024 Un-audited	March 31, 2025 Audited
Revenue from Operations	18,299	20,125	16,218	73,289
Profit Before Tax	1,156	4,527	37	7,974
Profit After Tax	1,003	4,517	35	7,695
Total Comprehensive Income	742	2,685	5	5,441

6. The figures of the quarter ended March 31, 2025 are the balancing figures between the audited figures in respect of the previous financial year and the year to date figures upto December 31, 2024, being the end of the third quarter of the previous financial year, which were subjected to limited review.

For and on behalf of the Board of Directors

New Delhi
August 4, 2025

Shobhana Bhartia
Chairperson

दोनों देश इस माह के अंत तक कर सकते हैं फैसला

मार्च में तय हुई शर्तों पर ही अमेरिका से करार होगा



ट्रंप का टैरिफ

राजीव जायसवाल

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका इस महीने के अंत तक एक प्रारंभिक व्यापार समझौता करने की तैयारी में हैं। इस पर तेजी से बातचीत चल रही है। बताया जा रहा है कि यह समझौता इस साल 29 मार्च को तय किए गए तय नियमों और शर्तों के तहत ही होगा।

बताया जा रहा है कि इस समझौते पर किसी तीसरे देश से संबंध या राजनीतिक बयानबाजी का कोई असर नहीं होगा। मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, इस प्रारंभिक समझौते में दोनों देश कुछ जरूरी चीजों- जैसे कृषि और छोटे उद्योगों से जुड़े व्यापार पर एक-दूसरे के साथ सहयोग बढ़ाने पर चर्चा कर रहे हैं।

इसमें ऊर्जा (तेल और गैस) का आयात-निर्यात भी शामिल हो सकता है लेकिन समझौता किसी भी पक्ष को किसी तीसरे देश से तेल या गैस खरीदने से नहीं रोकेगा। यानी भारत चाहे तो रूस या किसी अन्य देश से ऊर्जा खरीद सकता है। सूत्रों के अनुसार, दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच इसे लेकर ऑनलाइन बातचीत चल रही है और इस महीने होने वाली छठी अहम बैठक में बाकी मतभेद सुलझ सकते हैं। अमेरिकी दल 24 अगस्त को दिल्ली पहुंचेगा। अगस्त के अंत तक इस बैठक के बाद कुछ ठोस नतीजे सामने आ सकते हैं।

Hindustan Times

वार्ता पर किसी बयानबाजी का असर नहीं होगा

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के खिलाफ कड़े बयान दिए हैं। 30 जुलाई को उन्होंने भारत से निर्यात होने वाले सामानों पर 25% शुल्क लगाने और रूस से तेल खरीद पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इसके अलावा उन्होंने भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाओं को 'मृत' भी बताया था। ट्रंप ने यह भी आरोप लगाया था कि भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदने के चलते यूक्रेन युद्ध रुक नहीं रहा है।

मार्च में हुई थी पहली बैठक

गौरतलब है कि इसी साल 29 मार्च को भारत और अमेरिका के अधिकारियों ने पहली बैठक की थी, जिसमें व्यापार समझौते के नियम और दायरे तय किए गए थे। 22 अप्रैल को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भारत आकर इसकी आधिकारिक घोषणा की थी और कहा था कि यह दोनों देशों के रिश्तों में एक अहम कदम है। इसके बाद अब तक पांच बैठकें हो चुकी हैं।

तेल की कितनी खरीद

भारत ऊर्जा का दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा आयातक है और अपने कुल जरूरत का 87% से अधिक कच्चा तेल आयात करता है। रूस फिलहाल भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। आंकड़ों के अनुसार 2023 में भारत ने रूस से अपनी कुल तेल जरूरत का 39% हिस्सा खरीदा। इसके बाद इराक (19%), सऊदी अरब (16%), यूएई (5%) और अमेरिका (4%) से आयात किया गया।

पैन से जुड़ी सभी सुविधाएं एक मंच पर उपलब्ध होंगी

परियोजना लागू करने के लिए कंपनी का चयन

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। आयकर विभाग ने पैन 2.0 परियोजना को लागू करने के लिए आईटी कंपनी एलटीआईमाइंडट्री लिमिटेड का चयन किया है। परियोजना अगले 18 महीनों में लागू हो जाएगी। इसके जरिए पैन से जुड़ी सभी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध होंगी। इनमें कई सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी।

विभाग के अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पैन 2.0 परियोजना पैन और टैन से संबंधित मुद्दों का व्यापक रूप से समाधान करेगी। इसमें आवंटन, अपडेट/सुधार, आधार-पैन को जोड़ना, फिर से जारी करने के अनुरोध, ऑनलाइन पैन सत्यापन आदि शामिल हैं।

इसके साथ ही मौजूदा पैन कार्ड धारकों को उन्नत पैन 2.0 प्रणाली के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी। परियोजना 18 माह में लागू होगी। कंपनी परियोजना के डिजाइन, विकास, कार्यान्वयन, संचालन और रखरखाव के लिए प्रबंधित सेवा प्रदाता के रूप में काम करेगी।

पिछले साल हुई थी घोषणा : केंद्र सरकार ने बीते वर्ष पैन 2.0 लाने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य मौजूदा पैन नंबर को बदलकर अधिक सुरक्षित और पेपरलेस बनाने का है। मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 25 नवंबर 2024 को आयकर विभाग की इस परियोजना को मंजूरी दी थी।



नई व्यवस्था में सुविधाएं

- पैन और टैन का आवंटन
- अपडेट और सुधार संबंधी सेवाएं
- आधार-पैन को जोड़ना
- पुन: जारी करने से जुड़ा आवेदन
- ऑनलाइन पैन सत्यापन

अभी तीन मंच सक्रिय

इस समय पैन से संबंधित सेवाएं तीन अलग-अलग मंचों – ई-फाइलिंग पोर्टल, यूटीआईआईटीएसएल पोर्टल और प्रोटीन ई-गवर्नेंस पोर्टल पर उपलब्ध हैं। पैन 2.0 के लागू होने के साथ ही सभी सेवाएं एक एकीकृत पोर्टल से जुड़ जाएंगी। पैन 2.0 परियोजना 81.24 करोड़ से अधिक पैन और 73 लाख से अधिक टैन धारकों की आवश्यकताओं को पूरा करेगी।

जीएसटी कटौती से पूर्व मुनाफाखोरी रोकी जाएगी

तैयारी

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। सरकार स्वास्थ्य व जीवन बीमा समेत आवश्यक वस्तुओं की जीएसटी दरों में कटौती करने पर विचार कर रही है। माना जा रहा है कि आगामी जीएसटी परिषद की बैठक में इस पर फैसला हो सकता है।

इसके साथ ही परिषद को यह भी आशंका है कि इस कटौती का लाभ कंपनियां ग्राहकों को न देकर मुनाफावसूली कर सकती हैं। ऐसे में कंपनियों पर निगरानी रखने की तैयारी भी है। सूत्रों का कहना है कि केरल और उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री ने भी हाल की बैठकों में इस मुद्दे को उठाया था। उनका तर्क था कि पूर्व में भी परिषद ने दरों में कटौती की थी लेकिन उसका लाभ ग्राहकों को नहीं दिया गया, क्योंकि कंपनियों ने अपने उत्पादों के दाम बढ़ा दिए। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि कंपनियां इसका लाभ ग्राहकों तक पहुंचाएं।

उधर, एक अधिकारी कहते हैं कि मौजूदा समय में कोई ऐसी ठोस निगरानी व्यवस्था नहीं है, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया जा सके। राष्ट्रीय मुनाफाखोरी रोधी प्राधिकरण को एक दिसंबर 2022 समाप्त कर दिया गया है। अब जीएसटी से संबंधित मुनाफाखोरी विरोधी शिकायतों को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग देखता है लेकिन आयोग का ध्यान प्रतिस्पर्धा के बीच किए जाने वाले नियमों के उल्लंघन पर रहता है। मुनाफाखोरी के मामलों में सीमित कार्रवाई अभी तक सीसीआई द्वारा देखी गई है।

बैठक जल्द : सूत्रों का कहना है कि सरकार मध्य और निम्न वर्ग को ध्यान में रखकर जीएसटी दरों में कटौती करना चाहती है। इसको लेकर अगस्त या फिर सितंबर में होने वाली परिषद की बैठक में फैसला होना है। लेकिन इस पर भी सरकार जीएसटी दरों में कटौती को लेकर चिंतित है। इस कारण से परिषद इस बार सावधानीपूर्वक कदम उठाना चाहती है।



कई स्तर पर राहत की योजना

पांच लाख तक के स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी की दरों को शून्य किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, इससे ऊपर के स्वास्थ्य बीमा पर पांच और 12 फीसदी जीएसटी लगाने की संभावना है। जबकि जीवन बीमा पर शुल्क को पूरी तरह से हटाने की विचार है। लेकिन यह फैसला लिए जाने के साथ यह सुनिश्चित कराने की चुनौती रहेगी कि जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को मिले। अगर बीमा कंपनियां जीएसटी कम होने पर अपनी प्रीमियम बढ़ा देती हैं तो उससे ग्राहकों को नुकसान होगा और बीमा कंपनियों को लाभ।

दिल्ली में भी टेस्ला का शोरूम खुलेगा

मुंबई, एजेंसी। एलन मस्क की टेस्ला अब दिल्ली में भी अपना शोरूम खोलने जा रही है। इसकी शुरुआत 11 अगस्त को होगी।

यह कंपनी का भारत में दूसरा शोरूम होगा। पहला शोरूम मुंबई में खुल चुका है। टेस्ला की सूचना के अनुसार, दिल्ली में नया टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर, एरोसिटी, वर्ल्डमार्क 3 बिल्डिंग में होगा।

सोना 400 रुपये बढ़ा, चांदी में तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। स्टॉकिस्टों की ताजा खरीदारी से सोमवार को सोने की कीमत 400 रुपये बढ़कर 98,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। चांदी 500 रुपये बढ़कर 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई।

जानकारों ने कहा, कमजोर रुपये और शुक्रवार को निराशाजनक वृहद अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों के कारण सोने की कीमतों में काफी मजबूती रही।

ईडी 20 से ज्यादा बैंकों के अफसरों से पूछताछ करेगी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अनिल अंबानी की कंपनियों से जुड़े 17,000 करोड़ रुपये के कथित ऋण घोटाले में बैंक अधिकारियों से पूछताछ करेगा। बताया जा रहा है कि इस मामले में 20 से अधिक बैंकों को समन जारी कर अधिकारियों को तलब किया जाएगा।

मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, ईडी उन निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक अधिकारियों को बुलाएगी, जिन्होंने कर्ज स्वीकृत किए थे ताकि ऋण धोखाधड़ी के इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच की जा सके।

इन अधिकारियों से पूछा जाएगा कि अनिल अंबानी के रिलायंस समूह की कंपनियों ने जब ऋण चुकाना बंद किया तो उन्होंने क्या कार्रवाई की। उनसे यह भी स्पष्टीकरण मांगा जाएगा कि जब ये कर्ज एनपीए में बदल गए तो उन्होंने इन्हें संदिग्ध क्यों करार नहीं दिया गया। जांच एजेंसी को संदेह है कि कुछ बैंक अधिकारियों को चुप्पी साधने और निष्क्रिय रहने के बदले रिश्वत की पेशकश भी की गई थी।

आज पेशी की संभावना

इस मामले में अनिल अंबानी मंगलवार को ईडी के समक्ष पेश हो सकते हैं। एजेंसी ने उन्हें पूछताछ के लिए समन जारी किया था। इस मामले में गिरफ्तार बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल को अनिल अंबानी के सामने बैठाकर पूछताछ हो सकती है। बिस्वाल पर फर्जी बैंक गारंटी जमा कराने का आरोप है।

दुर्लभ खनिजों का बेहतर उपयोग करने की जरूरत

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने भारत को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में तेजी आगे बढ़ाने के लिए एक व्यापक रणनीति पर जोर दिया है। साथ ही कहा कि देश के दुर्लभ पृथ्वी खनिज भंडार के बेहतर उपयोग करने की जरूरत है।

सोमवार को विज्ञान भवन में भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इंडेक्स-2024 से जुड़ी रिपोर्ट जारी करते हुए गौबा ने कहा कि देश में रेयर अर्थ मिनरल्स का भंडार है, लेकिन इसे तेजी से खोजने, खनन और प्रोसेस करने की जरूरत है। इससे ईवी निर्माण में उपयोग होने वाले महत्वपूर्ण पुर्जों के लिए आयात पर निर्भरता कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय इलेक्ट्रिक वाहनों का है, जिससे देश 200 बिलियन डॉलर का बाजार खुलेगा।

गति धीमी: रिपोर्ट में स्वीकार किया गया है कि भारत में ईवी को अपनाने की गति अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ की तुलना में धीमी है, लेकिन रिपोर्ट में स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत की गई है, जिसकी मदद से देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

रोजगार के अवसर बनेंगे

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत वर्ष 2030 तक कुल वाहनों में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 30 फीसदी का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में तेजी से काम कर है जो वर्तमान में 7.6 प्रतिशत है। ईवी क्रांति के साथ देश में बैटरी निर्माण, वाहन असेंबली, चार्जिंग ढांचा और डिजिटल समाधान जैसे क्षेत्रों में रोजगार और नवाचार के नए अवसर उत्पन्न होंगे।

डॉलर के मुकाबले रुपया 48 पैसे टूटा

मुंबई, एजेंसी। अंतरबैंक विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 48 पैसे लुढ़ककर 87.66 पर बंद हुआ।

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और व्यापार शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताओं के कारण निवेशकों की कारोबारी धारणा प्रभावित होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

बाजार दो दिन की गिरावट से उबरा

मुंबई, एजेंसी। भारतीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी दर्ज की गई, जिससे दो दिन से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया।

सेंसेक्स लगभग 419 अंक बढ़कर 81,000 के स्तर के ऊपर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में 157 अंकों की बढ़त रही। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा स्टील में सर्वाधिक 4.31 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। विश्लेषकों के अनुसार, बाजार में धातु और वाहन क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन के कारण तेजी आई।